फरीदाबाद में आज जन उत्थान रैली, प्रदेश को मिलेंगी 6,629 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 27 अक्टूबर को होने वाली जन उत्थान रैली के लिए सेक्टर-12 स्थित मैदान में मंच तैयार है। चुनावी रैली को छोड़ दें तो यह औद्योगिक नगरी में अमित शाह की पहली रैली है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में आयोजित होने वाली इस रैली के माध्यम से गृह मंत्री हरियाणा को 6,629 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सबसे बड़ी 5,618 करोड़ रुपये की लागत वाली हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर परियोजना है, जिसका शिलान्यास किया जाएगा। यह ऐसी परियोजना है, जिसके पूरे होने के बाद हरियाणा में विकास को नए पंख लगेंगे और रेल यातायात सुगम होगा। यह पलवल से शुरू होकर सोनीपत के हरसाना कलां तक केएमपी वाले मार्ग के साथ निकलेगी।

इसके अतिरिक्त सोनीपत जिले में बने 590 करोड़ रुपये की लागत वाले रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का उद्घाटन किया जाएगा। 315.40 करोड़ से रोहतक में निर्मित देश के पहले सबसे लंबे एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का लोकार्पण और 106 करोड़ रुपये से निर्मित हरियाणा पुलिस आवास परिसर भोंडसी का उद्घाटन किया जाएगा। यह रैली प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. मंगलसेन के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित हो रही है और 27 अक्टूबर को ही मनोहर सरकार के आठ साल पूरे हो रहे हैं। शेष ›› पेज 6, संबंधित ›› पेज 9

- सोनीपत के रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का शुभारंभ करेंगे शाह
- हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर परियोजना का होगा शिलान्यास
- 27 अक्टूबर को ही मनोहर सरकार के आठ साल हो रहे हैं पूरे



फरीदाबाद सेक्टर-12 में जन उत्थान रैली स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे सीएम मनोहर लाल, साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक राजेश नागर • जागरण

हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर परियोजना के मुख्य बिंदु

- हरियाणा और रेल मंत्रालय के संयुक्त उपक्रम हरियाणा राज्य औद्योगिक ढांचागत विकास निगम (एसआरआइडीसी) ने 31 मार्च 2025 तक इस परियोजना को पूरा करने का रखा है लक्ष्य।
- रेल मार्ग प्रदेश के सभी प्रमुख औद्योगिक शहरों को आपस में जोड़ने वाला होगा।
- दिल्ली को बाईपास करते हुए शताब्दी व सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन भी चलेंगी।
- पलवल से वाया सोहना, मानेसर, खरखौदा होते हुए सोनीपत, दिल्ली-रेवाड़ी लाइन से पाटली, गढ़ी हरसारू-फरुखनगर लाइन से सुल्तानपुर, दिल्ली-रोहतक लाइन से असौधा और दिल्ली-अंबाला लाइन से हरसाना कलां स्टेशन को जोड़ेगी।
- 60 लाख टन सालाना माल दुलाई हो सकेगी।
- 40 लाख यात्री ट्रेनों में सफर कर सकेंगे।
- कारिडोर के मार्ग में 23 प्रमुख जलमार्ग पुल आएंगे।